**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 28.04.2026 को विडियों कान्फेंसिगं कक्ष में जिला पेयजल स्वच्छता समिति की आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

पत्रांक– 653 / JJM- / 123 दिनांक 13-5-2026

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद में सतही श्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना (पैकेज–1 व 2) के कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 28.04.2026 को विडियो कान्फेंसिगं कक्ष में आयोजित की गई, जिसमे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
2. श्री मोहन लाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
3. इं0 देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
5. इं0 शिवम राजपूत सहायक अभियन्ता(SWSM) उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण
6. इं0 विवेक कौशिक सहायक अभियन्ता(SWSM) उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण
7. इं0 संदेश कर्दम, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
8. इं0 रामअवतार जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
9. इं0 प्रदीप कुमार जूनियर इंजीनियर,(SWSM) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद
10. श्री देवेन्द्र सिंह, जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0।
11. श्री मयंक सिंह, जिला समन्वयक, परियोजना अनुश्रवण इकाई फिरोजाबाद।
12. श्री पदमानुज, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड।
13. श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0, मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड।
14. समस्त नामित जिला पेयजल स्वच्छता समिति सदस्य।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 09 विकास खण्ड अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मो नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा क्रमशः पैकेज–1 एवं पैकेज–2 के कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त जनपद में पूर्व निर्मित 86 नग पाइप पेयजल योजनाओं, जिनमें 57 नग पेयजल योजनाऐं आंशिक क्रियाशील एवं 29 नग पेयजल योजनाऐं अक्रियाशील है का रखरखाव एवं संचालन मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0 द्वारा किया जा रहा है।

(1.) <u>पैकेज–01</u> :–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–1 के अधीन निर्माणाधीन कार्यों के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 के अन्तर्गतजल शोधन सयंत्र(WTP) 456 MLDजनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलां, ग्राम भड़ेरा में निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

Scanned with OKEN Scanner

| S.No. | Proposed Work | Total Progress upto April'26 | Total Progress upto June'25 | Total Progress from June'25 to April'26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | OFF-TAKE CHAMBER | 90% | 90% | 0% |
| 2 | VALVE CHAMBER AT RWR | 90% | 90% | 0% |
| 3 | RAW WATER RESERVOIR CUM PH | 59% | 7% | **52%** |
| 4 | CASCADE AERATOR & INLET WORKS | 54% | 20% | **34%** |
| 5 | CLARI-FLOCCULATOR | 78% | 50% | 28% |
| 6 | FILTER BEDS WITH BACK WASH TANK ON TOP | 36% | 23% | 13% |
| 7 | CLEAR WATER RESERVOIR | 63% | 48% | **15%** |
| 8 | Chemical House | 43% | 15% | **28%** |
| 9 | MIBPS-01(Ramgarh) CWR & PH 12700 KL | 78% | 60% | 18% |
| 10 | MIBPS-02(Indrai) CWR & PH 2900 KL | 78% | 76% | 2% |
| 11 | CLEAR WATER RISING MAIN PIPELINE LAYING & JOINTING ***(115 Km./ 157Km.)*** | 74% | 56% | **18%** |
| | **OVERALL PROGRESS** | **68%** | **49%** | **19%** |

उक्त निर्धारित बार चार्ट के अनुसार 100 प्रतिशत के सापेक्ष मात्र 68 प्रतिशत ही प्रगति प्राप्त की गयी है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 157 कि0मी0 के सापेक्ष मात्र 113 कि0मी0 क्लीयर वाटर राइजिंग मेन लाइन बिछाई गयी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष पाइप लाइन को वर्षा ऋतु से पूर्व बिछाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही अन्य कम्पोनेन्ट पर कार्य को अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाते हुये समयान्तर्गत पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि 68 प्रतिशत पूर्ण कराये गये कार्यो के सापेक्ष वर्तमान में रू0 228.62 करोड़ का भुगतान लगभग 01 वर्ष से लम्बित है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी अभियन्ता, नरौरा खण्ड, निचली गंगा नहर, अलीगढ़ के पत्रांक 615/नखनिगनअ/एन0ओ0सी0 दिनांक 04.03.2025 के द्वारा निचली गंगा नहर के कि0मी0 86.700 पर दांये किनारे पर हैड रेगुलेटर के निर्माण कार्य हेतु धनराशि रू0 608.57 लाख की मांग की गयी। लोअर गंगा कैनाल से कच्चा जल प्राप्त किये जाने हेतु Canal Sluice Gate Arrangement/Head Regulator का निर्माण कार्य कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नरौरा खण्ड, निचली गंगा नहर, अलीगढ़ द्वारा कराया जाना है जिसे समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाना अति महत्वपूर्ण है। इस कार्यालय के पत्रांक 735/प्राक्कलन/04 दिनांक 23.04.2025 एवं 484/जल जीवन मिशन/83 दिनांक 07.04.2026 के द्वारा अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से धन की मांग की गयी है, परन्तु वर्तमान तक धनराशि प्राप्त न होने के कारण उक्त कार्य अनारम्भ है। निर्देशित किया गया कि अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

(2.) पैकेज–02 :–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–2 के अधीन निर्माणाधीन कार्यों के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

Scanned with OKEN Scanner

| S.No. | Proposed Work | Total Progress upto April'26 | Total Progress upto June'25 | Total Progress from June'25 to April'26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | IBPS - 170-1 Aronj (1050KL) - CWR & PH | 75% | 67% | 8% |
| 2 | IBPS - 159 Malapur (700KL) - CWR & PH | 70% | 65% | 5% |
| 3 | IBPS - 160 Ahmadpur (600KL) - CWR & PH | 70% | 54% | 16% |
| 4 | IBPS - 162 Balchandrapur (600KL)- CWR & PH | 85% | 74% | 11% |
| 5 | IBPS - 166 Jarauli (650KL) - CWR & PH | 65% | 53% | 12% |
| 6 | IBPS - 167 Gaheri (950KL) - CWR & PH | 58% | 57% | 1% |
| 7 | IBPS - 168 Toola (1250KL) - CWR & PH | 80% | 64% | 16% |
| 8 | IBPS - 170 Sheola Rampur(1250KL)-CWR & PH | 59% | 59% | 0% |
| 9 | Boundary wall for OHT & IBPS | 38% | 38% | 0% |
| 10 | Staff Quarters at IBPS | 70% | 70% | 0% |
| 11 | Clear Water Rising Main *(403 Km./1332.73 Km.)* | 30% | 23% | 7% |
| 12 | Over Head Tank *(249 Nos. WIP/249 Nos.)* | 37% | 29% | 8% |
| 13 | Distribution Network *(3400 Km./5424.70 Km.)* | 62% | 55% | 7% |
| | **Overall Progress** | **61%** | **54%** | **7%** |

उक्त के अनुसार 100 प्रतिशत के सापेक्ष मात्र 61 प्रतिशत ही प्रगति प्राप्त की गयी है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 1332.73 कि0मी0 के सापेक्ष मात्र 400 कि0मी0 क्लीयर वाटर राइजिंग मेन लाइन बिछाई गयी है जो कि अत्यन्त कम है तथा 249 नग अवर जलाशय में से 222 नग अवर जलाशय पर ही कार्य प्रारम्भ किया गया है शेष 27 नग अवर जलाशयो पर कार्य अनारम्भ है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष 27 नग अवर जलाशय पर वर्षा ऋतु से पूर्व कार्य पूर्ण प्रारम्भ कराये जाने एवं पाइप लाइन की प्रगति के साथ ही अन्य कम्पोनेन्ट पर कार्य को अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाते हुये समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि 61 प्रतिशत पूर्ण कराये गये कार्यो के सापेक्ष वर्तमान में रू0 34.08 करोड़ का भुगतान लम्बित है।

सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये। फर्म को निर्देशित किया गया कि समस्त स्थलों पर मानकानुसार कार्य कराते हुये कार्य समय से पूर्ण किया जाये, सड़क मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य उचिव भराव एवं समतलीकरण के साथ पूर्ण कराया जाये। साथ ही कार्यो को पूर्ण कराने का वर्क प्लान प्रस्तुत करें।

(3.) टी0पी0आई0 :–

जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 अन्तर्गत निर्गत की गयी 150 नग NC's में से 145 नग NC's का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार पैकेज–2 अन्तर्गत निर्गत की गयी 263 नग NC's में से 198 नग NC's का निराकरण किया गया है, तत्पश्चात् अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवशेष NC's का यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु फर्मो को निर्देशित किया गया।

(4.) मै0 दारा इंजीनियरिंग :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में 86 नग पेयजल योजनाओ के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु चयनित फर्म मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा 57 नग आशिंक क्रियाशील पेयजल योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसमें से वर्तमान में 55 नग पेयजल योजनाओ पर पेयजल आपूर्ति की जा रही है, तथा फर्म द्वारा 29 नग बन्द पडी पेयजल योजनाओ को सुचारू करने हेतु

Scanned with OKEN Scanner

कार्यवाही की जा रही है, अधिशासी अभियन्ता अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा 29 नग बन्द पेयजल योजनाओ में से 5 नग पाइप पेयजल योजनाओ को संचालित कर दिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया है कि उक्त 5 नग पेयजल योजनाओ का अपने स्तर से सत्यापन कराना सुनिश्चित करायें तथा शेष 24 नग बन्द पेयजल योजनाओ सुचारू करायें।

(5.) <u>अन्य</u> :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 7/2026/493/छिहत्तर–1–2026 (2027542) के साथ संलग्न पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं0–11031/14/2025-WQ-DDWS दिनांक 12.01.2026 में वर्णित बिन्दुओं पर चर्चा की गयी एवं Source Sustainability रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। उक्त पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

(6.) <u>निष्कर्ष</u> :–

दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कमियों में सुधार कराना सुनिश्चित करें एवं EOT (Extension of Time) के अनुसार Proper वर्क प्लान तैयार कर आगामी बैठक से पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, मैनपावर बढ़ाते हुये कार्यों को तीव्रगति से गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराये। साथ ही टी0पी0आई0 द्वारा जारी NC's का निस्तारण समयान्तर्गत कराना सुनिश्चित करें।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(शत्रोहन वैश्य)
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u>
<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, फिरोजाबाद।
3. जिला चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद।
4. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
5. जिला विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई, फिरोजाबाद।
8. जिला कृषि अधिकारी, फिरोजाबाद।
9. जिला सूचना एवं जल संपर्क अधिकारी, फिरोजाबाद।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
12. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
13. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
14. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
15. डी0जी0एम0, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रेक्चर प्रा0लि0, जौधपुर।

मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner